JSUNIL TUTORIAL
ACBSE Coaching for Mathematics and Science

M4VFSRV

# संकलित परीक्षा – I
# SUMMATIVE ASSESSMENT – I (2014-15)
## सामाजिक विज्ञान /SOCIAL SCIENCE
## कक्षा - IX/ Class – IX

निर्धारित समय : 3 घण्टे
Time allowed : 3 hours

अधिकतम अंक : 90
Maximum Marks : 90

**सामान्य निर्देश :**

(i) इस प्रश्न पत्र में कुल 30 प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न अनिवार्य है।
(ii) प्रत्येक प्रश्न के सामने उसके अंक लिखे हुए हैं।
(iii) प्रश्न क्रमांक 1 से 8 तक एक-एक अंक के हैं। इनके उत्तर एक शब्द अथवा एक वाक्य में दें।
(iv) प्रश्न क्रमांक 9 से 20 तक प्रत्येक प्रश्न 3 अंक का है। इनमें से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 80 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।
(v) प्रश्न क्रमांक 21 से 28 तक प्रत्येक प्रश्न 5 अंक का है। इनमें से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 120 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।
(vi) प्रश्न क्रमांक 29 और 30 मानचित्र सम्बन्धी प्रश्न 3-3 अंक के क्रमशः इतिहास और भूगोल से है। उत्तर लिखने के बाद मानचित्र को अपनी उत्तर पुस्तिका के अन्दर रखकर बांध दीजिए।

**General Instructions :**

(i) The question paper has 30 questions in all. All questions are compulsory.
(ii) Marks are indicated against each question.
(iii) Questions from serial number 1 to 8 are very short answer type questions. Each question carries one mark.
(iv) Questions from serial number 9 to 20 are 3 marks questions. Answer of these questions should not exceed 80 words each.
(v) Questions from serial number 21 to 28 are 5 marks questions. Answer of these questions should not exceed 100 words each.
(vi) Question number 29 and 30 are map question of 3 marks each, from History and Geography respectively. After completion, attach the maps inside your answer book.

1 फ्रांस के दो प्रसिद्ध महिला क्लबों का नाम लिखिए।
Name two famous women's clubs of France.

2 भारत के दक्षिण पश्चिम भाग में कौन सा पड़ोसी देश अवस्थित है ?
Which neighbouring country is situated in the south west of India ?

3 सिंधु तथा गंगा नदी तंत्र के जलविभाजक पर कौन सा स्थान स्थित है ?
Which place is located on the water divide between the Indus and the Ganga river system?

4 भारत की कौनसी भू-आकृति गोंडवाना भूमि के टूटने एवं अपवाह के कारण बनी है ?
Which land form of India is formed by the breaking and drifting of the Gondwana land

5 पोलैंड में दूसरी हड़ताल की शुरुआत किस वर्ष हुआ थी ?
In which year did the second strike begin in Poland ?

6 भारत के संविधान का कौन सा भाग, संविधान की आत्मा कहलाता है ?
Which part of the Indian constitution is called soul of the constitution ?

7 निर्णय लेने में, नागरिकों की समान भूमिका कब होती है ?
When does a citizen have an equal role in decision making ?

8 कौन सी क्रिया पालमपुर के लोगों की मुख्य आर्थिक क्रिया है ?
Which is the major economic activity of people in Palampur ?

9 फ्रांस की क्रान्ति में मान्तेस्क्यू तथा रुसो जैसे दार्शनिकों की भूमिका की व्याख्या कीजिए।
Explain the role of like philosophers Montesquieu and Rosseau in the French Revolution.

10 बोल्शेविक तथा गैर बोल्शेविक समाजवादी रूसी सैनिकों के बीच गृह युद्ध के तीन मुख्य कारण क्या थे
What were the three main causes of the civil war between Bolsheviks and the Russian army the Non Bolshevik Socialists ?

अथवा / OR

यहूदियों के प्रति घृणा पैदा करने में नात्सी प्रचार क्यों प्रभावशाली था ? कोई तीन कारण स्पष्ट कीजिए।

Why was the Nazi propaganda effective in creating hatred for German Jews ? Explain any three reasons.

11 '' रूस के कामगार सामाजिक समूहों में विभाजित थे।'' कथन के लिए न्यायोचित तर्क दीजिए। 3

"Workers in Russia were a divided social group." Justify the statement.

अथवा / OR

''नात्सीवाद, मानवता का कुरूप चेहरा प्रतिबिम्बित करता है।'' कथन के समर्थन में तीन तर्क दीजिए। 3

"Nazism reflects ugly face of humanity". State three arguments in support of the statement.

12 हिमालय की पूर्वांचल श्रृंखला की किन्हीं तीन विशेषताओं का वर्णन कीजिए। 3

Describe any three features of the Purvanchal Range of the Himalayas.

13 हिमालय के तीन देशान्तरीय भागों के नाम लिखिए तथा प्रत्येक भाग की एक विशेषता लिखिए। 3

Name three longitudinal divisions of Himalayas. State one characteristic feature of each.

14 हिमालय की सबसे बाह्य श्रेणी कौनसी है? इस श्रेणी की कोई दो विशेषताएँ लिखिए। 3

Which is the outermost range of the Himalayas ? Write any two features of this range.

15 भारत की स्थिति और आकार का तीन बिन्दुओं में वर्णन कीजिए।

Describe the location and size of India in three points.

16 किन लोकतान्त्रिक मूल्यों के कारण लोकतंत्र को सर्वाधिक सफल शासन पद्धति कही जा सकती है ? एक उदाहरण द्वारा स्पष्ट कीजिए।

With the help of an example explain which democratic values make democracy the most successful type of government ?

17 प्रतिनिधित्व लोकतंत्र से आप क्या समझते हैं? आधुनिक विश्व में इस प्रकार के लोकतंत्र का अधिक प्रयोग क्यों होता है? 3

What do you understand by representative democracy ? Why is it a more practiced form in today's world ?

18 भारत के संविधान की प्रस्तावना की किन्हीं तीन विशेषताओं को लिखिए। 3

Write any three significance of the preamble of our constitution ?

19 मानवपूँजी निर्माण में स्वास्थ्य की भूमिका को स्पष्ट कीजिए। 3

Explain the role of health in human capital formation.

20 3

आर्थिक क्रियाओं के तीन क्षेत्रों में रोजगार के परिदृश्य की व्याख्या कीजिए।

Explain the employment scenario in the three sectors of economic activities.

21 1789 में फ्रांस में प्रेस सेंसरशिप समाप्त करने के किन्हीं पाँच प्रभावों का वर्णन कीजिए। 5

Describe any five effects of abolition of censorship in France in 1789.

22 रुसी क्रान्ति के विश्व पर हुए प्रभाव की व्याख्या कीजिए। 5

Explain the impact of Russian revolution on the world

**अथवा / OR**

नात्सी क्रूरता के विरूद्ध आम जनता की प्रतिक्रिया का वर्णन कीजिए।

Describe the reaction of the masses against Nazi barbarities ?

23 दक्षिण के पठार के दोनों सिरों पर स्थित घाटों के नाम लिखिए। प्रत्येक घाट की तीन विशेषताएं लिखकर दोनों में भेद (अन्तर) कीजिए।

**Name the two Ghats that mark the edges of the Deccan Plateau. Distinguish between the two by giving three characteristics of each.**

24 प्रस्तावना क्या है? भारतीय संविधान की प्रस्तावना में सम्मिलित किन्हीं चार बुनियादी मूल्यों की व्याख्या कीजिए। 5

What is the Preamble? Explain any four guiding principles enshrined in the Preamble of the Indian Constitution?

25 संविधान क्या है? हमें संविधान की ज़रुरत क्यों है? 5

What is a Constitution? Why do we need a constitution?

26 हरित क्रांति को परिभाषित कीजिए। हरित क्रांति, परंपरागत कृषि पद्धति से किस प्रकार भिन्न है ? 5

Define Green Revolution. How is green Revolution different from traditional farming ?

27 वस्तुओं तथा सेवाओं के उत्पादन के लिए आवश्यक उत्पादन के कारक कौन से हैं ? व्याख्या कीजिए । 5

What are the factors of production needed for production of goods and services ? Explain.

28 शिक्षा और कौशल निर्माण किसी व्यक्ति की आय ( अर्जन) के मुख्य निर्धारक कैसे हैं ? स्पष्ट कीजिए । 5

How education and skill formation are the major determinants of the earning of any individual in the market? Explain.

29 दिए हुए फ्रांस के रेखामानचित्र में A, B और C तीन लक्षण चिन्हित किये गए हैं। नीचे दी गयी जानकारी के आधार पर इन लक्षणों को पहचानिए और मानचित्र में चिन्हित रेखाओं पर उनके सही नाम लिखिए : 3

(A) दास व्यापार से संबंधित पत्तन।

(B) भय की लहर से अप्रभावित एक क्षेत्र।

(C) स्थान जहाँ से फ्रांसीसी क्रांति का आरम्भ हुआ था।

**नोट : निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न क्रमांक 29 के स्थान पर हैं :**

(29.1) फ्रांस में दास व्यापार से संबंधित एक पत्तन का नाम लिखिए।

(29.2) फ्रांस में भय की लहर से अप्रभावित उत्तर पूर्वी क्षेत्र का नाम लिखिए।

(29.3) उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ से 1789 की फ्रांस की क्रांति का आरम्भ हुआ।

Three items A, B and C are shown in the given outline map of France. Identify these items with the help of following information and write their correct names on the lines marked on the map.

(A) Port related to slave trade.

(B) The region not affected by the great fear.


(C) The place where French revolution of 1789 started.

**Note: The following questions are for the visually impaired candidates only in lieu of Q.No.29**

(29.1) Name one port of France which was related to slave trade.

(29.2) Name the North Eastern region of France which was not affected by great fear.

(29.3) Name the place where French revolution of 1789 started.




30 दिए हुए भारत के राजनीतिक रेखामानचित्र पर, निम्नलिखित को उपयुक्त संकेतों द्वारा दर्शाइये एवं उनके नाम लिखिए : 3

(X) नेपाल की सीमा से लगे भारत के विभिन्न राज्य

(Y) नन्दा देवी पर्वत शिखर

(Z) वेम्बानाद झील

**नोट : निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न क्रमांक 30 के स्थान पर हैं :**

(30.1) नेपाल की सीमा से लगे भारत के किन्ही दो राज्यों का नाम लिखिए।

(30.2) नन्दा देवी पर्वत शिखर भारत के किस भाग में अवस्थित है?

(30.3) वेम्बानाद झील भारत के किस राज्य में अवस्थित है?

On the given political outline map of India, locate and label the following with appropriate symbols

(X) States of India having common boundaries with Nepal.

(Y) Nanda Devi Mountain Peak.

(Z) Vembanad Lake

**Note : The following questions are for the visually impaired candidates only in lieu of Q.No.30**

(30.1) Name any two states of India having common boundaries with Nepal.

(30.2) In which part of India is Nanda Devi Mountain peak located?

(30.3) In which state of India is Vembanad lake located?